इस बार नहीं खुली एग्जिट पोल की पोल

Firoj.Khan
@Timesgroup.com

■ **मुंबई :** लोकसभा चुनाव 19 मई को जैसे ही खत्म हुए, वैसे ही टेलिविजन स्क्रीन पर एग्जिट पोल के आंकड़े आना शुरू हो गए थे। कुछ ही देर में तमाम टीवी चैनल और सर्वे एजेंसियों ने एनडीए को जबर्दस्त बढ़त बताई थी। महाराष्ट्र की 48 सीटों पर इन एजेंसियों ने भाजपा और शिवसेना वाली एनडीए को 34 से लेकर 45 तक सीटें दी थीं, जबकि कांग्रेस और राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी वाली यूपीए को 4 से लेकर 13 सीटें दी थीं। गुरुवार को जबकि काफी हद तक रुझान आ चुके हैं, हम पाते हैं कि इंडिया टुडे-एक्सिस और न्यूज 18-इंडिया आईपीएसओएस के एग्जिट पोल सबसे सटीक रहे। पिछले चुनावों को देखें तो एग्जिट पोल ने इतने करीबी अनुमान कम ही बताए थे।

इंडिया टुडे-एक्सिस ने एनडीए को 38 से 42 सीटें दी थीं, जबकि यूपीए को 6 से 10 सीटें दी थीं। गुरुवार देर शाम तक आए रुझानों को देखें तो एनडीए 41 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है, जबकि यूपीए सिर्फ 6 सीटों पर आगे चल रही है। अन्य को 1 सीट मिलती दिख रही है। अगर पार्टी वार देखें तो भाजपा 23 सीटों पर, जबकि शिवसेना 18 सीटों पर आगे चल रही है। मजे की बात यह भी है कि लोकसभा चुनाव 2014 में भी भाजपा और शिवसेना को इतनी ही सीटें मिली थीं।

न्यूज 18-इंडिया आईपीएसओएस अपने एग्जिट पोल में एनडीए पर कुछ ज्यादा ही मेहरबान दिखी और उसने इसे 42 से 45 सीटें दी थीं। यूपीए को उसने 4 से 6 सीटें दी थीं, जो लगभग सही आकलन निकला। मजे की बात यह है कि एनडीटीवी टीवी पोल को छोड़कर किसी ने भी अन्य को कोई सीट नहीं दी थी। एनडीटीवी टीवी पोल ने एनडीए को 35, यूपीए को 12, जबकि अन्य को एक सीट दी थी।

सटीक रहा इंडिया टुडे-एक्सिस और न्यूज 18-इंडिया आईपीएसओएस का आकलन



रात 8 बजे तक की गिनती के आधार पर रुझान

गठबंधन	सीटें
एनडीए	41 (भाजपा- 23, शिवसेना- 18)
यूपीए	06 (कांग्रेस- 01, राकांपा- 05)
अन्य	01 (निर्दलीय)

एक्जिट पोल

इंडिया टुडे-एक्सिस

गठबंधन	सीटें
एनडीए	38 से 40
यूपीए	6 से 10
अन्य	00

टाइम्स नाऊ VMR

गठबंधन	सीटें
एनडीए	38
यूपीए	10
अन्य	00

सी वोटर

गठबंधन	सीटें
एनडीए	34
यूपीए	14
अन्य	00

एबीपी-नेल्सन पोल

गठबंधन	2019 सीटें
एनडीए	34
यूपीए	14

(भाजपा- 17, शिवसेना - 17, कांग्रेस - 04, राकांपा - 09)

न्यूज 18 इंडिया-IPSOS

गठबंधन	सीटें
एनडीए	42 से 45
यूपीए	4 से 6

एनडीटीवी टीवी पोल

गठबंधन	सीटें
एनडीए	35
यूपीए	12
अन्य	01

किसी को नहीं हो रहा था विश्वास

एग्जिट पोल के बाद नवभारत टाइम्स ने जिन लोगों से बात की उनमें से ज्यादातर को एग्जिट पोल के आकलन पर भरोसा नहीं हो रहा था। भाजपा और शिवसेना जरूर आश्वत थे, जबकि विपक्ष और आमजन को उम्मीद थी कि यूपीए का प्रदर्शन इससे बेहतर रहेगा। अगर राष्ट्रीय स्तर पर बात करें तो दो एजेंसियों को छोड़कर बाकी सभी ने एनडीए को 300 से ज्यादा सीटें दी थीं, जबकि रात करीब 9 बजे तक आए रुझानों में यह उम्मीद से कहीं ज्यादा 348 सीटें मिलती दिख रही हैं। वहीं यूपीए 100 सीट से भी नीचे रह सकती हैं। रुझानों में वह 92 सीटों पर बढ़त बनाए हुए थी।